

अध्यक्ष डियटर एफ. उक्डॉर्फ द्वारा
प्रथम अध्यक्षता में द्वितीय सलाहकार

अपनी जलती हुई मशाल के साथ दौड़ समाप्त करें

प्राचीन ग्रीस में, धावक *लैम्पेडड्रोमिया*[1] नामक दौड़ में भाग लेते थे । इस दौड़ में, धावक हाथों में मशाल लेकर दौड़ते और अगले धावक को इसे पकड़ा देते थे जबतक की टीम का अंतिम सदस्य समापन रेखा को पार नहीं कर लेता था ।

उस टीम को इनाम नहीं मिलता था जो सबसे तेज दौड़ती थी—बल्कि उस टीम को मिलता था जो समापन रेखा तक मशाल जलते हुए पहुंचती थी ।

इसमें एक महत्वपूर्ण सबक है, जिसे प्राचीन और वर्तमान भविष्यवक्ता द्वारा सीखाया जाता है: जबकि दौड़ आरंभ करना महत्वपूर्ण है,

उससे अधिक महत्वपूर्ण है कि हम जलती मशाल के साथ समाप्त करें ।

सुलैमान ने मजबूती से आरंभ किया

महान राजा सुलैमान एक ऐसा उदाहरण है जिसने मजबूती से आरंभ किया था । जब वह जवान था, उसने ''प्रभु से प्रेम रखा, और अपने पिता की विधियों पर चलता रहा'' (1 राजा 3:3) । परमेश्वर उससे प्रसन्न हुआ और कहा, ''जो कुछ तू चाहे कि मैं तुझे दूं, वह मांग'' (1 राजा 3:5) ।

धन-संपत्ति या दीर्घायु मांगने के स्थान, सुलैमान ने ''अपनी प्रजा का न्याय करने के लिये समझने की ऐसी शक्ति देने, ताकि वह भले बुरे को परख सकने'' को मांगा था (1 राजा 3:9) ।

इससे प्रभु इतना प्रसन्न हुआ कि उसने सुलैमान को न केवल बुद्धि से बल्कि अंपरमपार धन-संपत्ति और दीर्घायु से आशीषित किया ।

यद्यपि सुलैमान बहुत समझदार था और बहुत से महान कार्य किए थे, लेकिन उसने दौड़ मजबूती से समाप्त नहीं की । खेद है, अपने जीवन के अंत में, ''सुलैमान ने प्रभु की नजर में बुराई की, और पूरी रीति से प्रभु के पीछे नहीं चला'' (1 राजा 11:6) ।

अपनी स्वयं की दौड़ समाप्त करना

कितनी बार हमने कुछ आरंभ किया और समाप्त नहीं कर पाए ? आहार ? व्यायाम ? प्रतिदिन धर्मशास्त्र पढ़ने का निश्चय ? यीशु मसीह के अच्छे शिष्य बनने के निर्णय ?

कितनी बार हमने जनवरी में संकल्प किए हैं और उन्हें कुछ दिनों, कुछ सप्ताह, या कुछ महिनों के लिये गर्म-जोशी के साथ निश्चय चालू रखते हैं बाद में अक्टूबर आते-आते हमारा जोश ठंडा पड़ जाता है ?

एक दिन मैं कागज के फटे हुए टुकड़ों के साथ लेटे एक कुत्ते की मजाकिया फोटो देखी । जिसपर लिखा था, ''श्वान-आज्ञाकारिता प्रमाण पत्र ।''

हम कई बार ऐसा ही करते हैं ।

हमारी इच्छाएं अच्छी होती हैं; हम मजबूती से आरंभ करते हैं; हम अपने सर्वोत्तम बनना चाहते हैं । लेकिन अंत में हम अपने संकल्पों को नष्ट करते, त्याग देते, और भूल जाते हैं ।

भूल करना, असफल होना, और कभी-कभी दौड़ से बाहर हो जाना, यह मानव प्रकृति है । लेकिन यीशु मसीह के शिष्यों के रूप में, हम न केवल दौड़ आरंभ करने का निश्चय करते बल्कि इसे पूरा भी करते हैं—और पूरा जलती हुई मशाल के साथ करते हैं । उद्धारकर्ता ने अपने शिष्यों से प्रतिज्ञा की है, ''जो अंत तक धीरज धरे रहेगा, उसी का उद्धार होगा'' (मत्ती 24:13) ।

मैं उद्धारकर्ता की आशीष को आज के संदर्भ में व्याख्या करता हूं: यदि हम उसकी आज्ञाओं का पालन करते और जलती हुई मशाल के साथ अपनी दौड़ पूरी करते हैं, तो हमें अनंत जीवन मिलेगा, जोकि परमेश्वर के सभी उपहारों में महानत्तम है (देखें सिऔरअ 14:7; 2 नफी 31:20 भी देखें) ।

ऐसी ज्योति जो कभी धुमिल नहीं होती

कभी-कभी गलती करने, असफल होने, या यहां तक की हार मानने के पश्चात, हम निराश हो जाते हैं और सोचते हैं हमारी मशाल बुझ गई है और हम दौड़ हार गए हैं । लेकिन मैं गवाही देता हूं कि मसीह की ज्योति कभी बुझ नहीं सकती । यह अंधकारमय रात में प्रकाश देती है और हमारे हृदयों को पुनःप्रज्जवलित करती है यदि हम अपने हृदयों को

उसकी ओर ले जाते हैं (देखें 1 राजा 8:58) ।

चाहे कितनी बार या कितनी दूरी पर गिरे यह मायने नहीं रखता, मसीह की ज्योति हमेशा प्रज्जवलित रहती है । और यहां तक की अधंकारतम रात में भी, यदि हम उसकी ओर कदम बढ़ाते हैं, उसकी ज्योति परछाइयों को निगल लेगी और हमारी आत्माओं को पुनःप्रज्जवलित करेगी ।

शिष्यता की दौड़ कम-दूरी की तेज दौड़ नहीं है; यह एक मैराथन है । और इससे अधिक फर्क नहीं पड़ता हम कितनी तेज चलते हैं । असल में, केवल अंत में इससे पीछे हटने या हार मानने की दशा में हम यह दौड़ हार सकते हैं ।

जबतक हम आगे बढ़ना और उद्धारकर्ता की ओर दौड़ना जारी रखते हैं, हम अपनी जलती हुई मशाल के साथ दौड़ जीत लेते हैं ।

क्योंकि मशाल हमारे या हम क्या करते हैं इस विषय में नहीं है ।

यह संसार के उद्धारकर्ता के विषय में है ।

और यह एक ऐसी ज्योति है जो कभी धुमिल नहीं हो सकती । यह वह ज्योति है जो अंधकार को निगल लेती है, हमारे घावों को चंगा करती है, और अथाह दुख और गहन अंधकार के बीच भी चमकती है ।

यह एक ऐसी ज्योति है जो समझ के परे है ।

हम सबके लिए मैं आशा करता हूं कि हम उसी मार्ग पर दौड़ समाप्त करें जिसपर हमने आरंभ किया है । और अपने उद्धारकर्ता और मुक्तिदाता, यीशु मसीह, की मदद के साथ, हम आनंद और अपनी जलती हुई मशाल के साथ दौड़ समाप्त करेंगे ।

विवरण

1. *Harpers Dictionary of Classical Antiquities* (1898), ''लैम्पेडड्रोमिया,'' www.perseus.tufts.edu/hopper । पौसनिया एक अन्य प्रकार की मशाल-दौड़ की व्याख्या करता है जिसमें में मशाल-धारक संभवतः प्रत्येक जाति से एक, अपनी मशाल किसी को नहीं सौंपते । लेकिन *लैम्पेडड्रोमिया* के समान, विजेता वह होता है जो दौड़ के अंत में अपनी जलती हुई मशाल के साथ पहुंचने वाला पहला होता है ।

इस संदेश से शिक्षा

जिन्हें आप सीखाते हैं उन्हें विचार करने को कहें कि वे अपने जीवन की ''दौड़ों'' में कहां हैं । क्या उनकी मशालें चमकते हुए जल रही हैं ? उनको यह वाक्यांश पढ़कर सुनाएं जो कहता है कि मसीह की ज्योति ''एक ऐसी ज्योति है जो कभी धुमिल नहीं हो सकती । यह वह ज्योति अंधकार को निगल लेती है, हमारे घावों को चंगा करती है, और अथाह दुख और गहन अंधकार के बीच भी चमकती है ।'' फिर जिन्हें आप सीखाते हैं उनके साथ चर्चा करें कैसे मसीह की ज्योति ने उनके जीवनों को अतीत में प्रभावित किया है और कैसे यह अब उनके जीवनों को प्रभावित करती है ।

युवा

अपनी मशाल को ईंधन दें: 30 दिन का परिक्षण

गिरजे में युवा के लिए व्यस्त जीवनों के साथ, दिनचर्या की लीक में फंस जाना आसान होता है, विशेषकर आत्मिक बातों के संबंध के साथ । हम लगभग प्रतिदिन उसी प्रकार अपने धर्मशास्त्र पढ़ते हैं, प्रार्थना करते हैं, और आराधना करते हैं और फिर आश्चर्य करते हैं ऐसा क्यों लगता है हम एक आत्मिक दलदल में फंस गए हैं ।

अपनी आत्मिक मशाल को चमकते हुए जलते रहने के उत्तम तरीकों में से एक निश्चित करना है आप अर्थपूर्ण आत्मिक अनुभवों को प्राप्त करें । लेकिन इसे बोलना आसान है करना कठिन, इसलिए आत्मिक प्रगति करना जारी रखने में मदद के लिए एक सुझाव हैः सुसमाचार-संबंधित ऐसे कार्य के विषय में सोचें जो आपने पहले कभी नहीं किया है (या शायद ही कभी किया हो) और इसे एक महिने के लिए प्रतिदिन करने का निश्चिय करें । आप छोटे कार्य से आरंभ कर सकते हैं क्योंकि आपको पता चलेगा कि छोटे परिवर्तनों को स्थायी रख पाना अधिक आसान होता है । ऐसे आत्मिक कार्य करना जिन्हें करने की आदत हमें नहीं है, अधिक विश्वास और प्रयास की जरूरत होती है, लेकिन जब हम उन्हें करते हैं, हम पवित्र आत्मा को हमारे साथ रहने का निमंत्रण देते हैं, और हम स्वर्गीय पिता में अधिक विश्वास और उसके निकट जाने की इच्छा को प्रकट करते हैं । आरंभ करने के लिए कुछ सुझाव इस प्रकार हैं:

- सुबह और रात को अपनी प्रार्थना करने का लक्ष्य बनाएं । बोलकर प्रार्थना करने की कोशिश करें ।
- 15 मिनट जल्दी उठें और विद्यालय जाने से पहले धर्मशास्त्र पढ़ें ।
- पिछली महासम्मेलन वार्ताएं पढ़ें ।
- मॉरमन की पुस्तक से सोशल मीडिया में धर्मशास्त्र बांटें ।
- अन्य संगीत के स्थान पर स्तुति-गीत या गिरजे का संगीत सुनें ।

बच्चे

अपनी मशाल अधिक उज्ज्वल बनाएं

बहुत समय पहले ग्रीस में, एक दौड़ हुई थी जहां धावकों के पास जलती हुई मशालें थी । जो पूरी दौड़ को जलती हुई मशाल के साथ दौड़ा था वह जीतता था । अध्यक्ष उक्डोर्फ कहते हैं जीवन उसी दौड़ के समान है । हमारे पास मसीह की ज्योति की मशाल है । जब हम यीशु मसीह के समान बनने का प्रयास करते हैं, हम अपनी मशालों को अधिक उज्जवल बनाते हैं ।

मसीह के समान बनने के लिए आप क्या कार्य कर सकते हैं और अपनी मशाल को अधिक उज्जवल बना सकते हैं ? नीचे की सूची से चुनें:

जो बिना साथी के दिखे उसका अभिवादन करें या मुस्काराएं
किसी के साथ नाराज रहें
अपने शरीर की देख-भाल करें
अपने भाई या बहन का मजाक बनाएं
भविष्यवक्ता की आज्ञा मानें
जब आप गलती करें तो हार मान लें
किसी की मदद करें

© 2015 Intellectual Reserve, Inc. द्वारा सर्वाधिकार सुरक्षित । भारत में छपी । अंग्रेजी अनुमतिः 6/15 । अनुवाद अनुमतिः 6/15 । *First Presidency Message, October 2015* का अनुवाद । Hindi । 12590 294

यीशु मसीह के दिव्य गुणः उदारता और प्रेम से परिपूर्ण

प्रार्थनापूर्वक इस सामाग्री को पढ़ें और क्या बांटना है को जानने के लिये खोजें । उद्धारकर्ता के दिव्य गुण उसमें कैसे आपके विश्वास को बढ़ाते और उन्हें आशीष देते हैं जिनका आप भेंट करने शिक्षा से देखभाल करती हैं ? अधिक जानकारी के लिए पर जाएं । lds.org पर जाएं

विश्वास, परिवार, सहायता

यह भेंट करने वाला शिक्षा संदेश उद्धारकर्ता के दिव्य गुणों के पहलुओं का वर्णन करने वाली श्रंखलाओं का भाग है ।

धर्मशास्त्रों की मार्गदर्शिका उदारता को ''उच्चत्तम, श्रेष्ठत्तम, प्रगाढ़त्तम प्रेम के रूप में परिभाषित करता है (''उदारता'') । यह यीशु मसीह का शुद्ध प्रेम है । जब हम यीशु मसीह के विषय में सीखते और उसके समान बनने का प्रयास करते हैं, हम उसके शुद्ध प्रेम को अपनी जीवनों में महसूस करना आरंभ करने लगेंगे और दूसरों से उस प्रकार प्रेम करने के लिए प्रेरित होगें जैसे वह करता है । ''उदारता उसके साथ धैर्य रखना है जिसने हमारा अपमान किया हो,'' अध्यक्ष थॉमस एस. मॉनसन कहते हैं । ''यह आसानी से बुरा मानने के आवेग का विरोध करना है । यह कमजोरियों और कमियों को स्वीकार करना है । यह लोगों को वैसा ही स्वीकार करना जैसा वे वास्तव में हैं । यह शारीरिक रूप से हटकर गुणों को देखना जो समय के साथ मंद नहीं होते हैं । यह उस आवेग का विरोध करना है जो लोगों को श्रेणियों बांटता है ।''[1]

मॉरमन की पुस्तक में, हम महान सच्चाई सीखते हैं कि हम ''हृदय की पूरी ऊर्जा से पिता से प्रार्थना करो, जिससे कि तुम उसके उस प्रेम से परिपूर्ण हो सको, जिसे उसने उन सभी लोगों को प्रदान किया है जो उसके पुत्र, यीशु मसीह के सच्चे अनुयाई हैं; ताकि तुम परमेश्वर के बेटे बन सको; ताकि जब वह आएगा तब हम उसके समान होंगे, क्योंकि हम उसका वास्तविक रूप देख सकेंगे; ताकि हम इस आशा को प्राप्त कर सकें; ताकि हम वैसे पवित्र हो सकें जैसा कि वह है'' (मरोनी 7:48) ।

अतिरिक्त धर्मशास्त्र

यहून्ना 13:34–35; 1 कुरिन्थियों 13:1–13; 1 नफी 11:21–23; ईथर 12:33–34

हमारे इतिहास से

''एक बहन जो हाल में ही विधवा हुई थी अपनी भेंट करने वाली शिक्षाओं की आभारी थी जो उसके दुख में शामिल हुई और उसे दिलासा दी थी । उसने लिखा थाः 'मुझे ऐसे व्यक्ति की अत्याधिक अवश्यकता थी जो मेरी मदद करने आता; ऐसा कोई जो मेरी सुनता । ... और उन्होंने सुना । उन्होंने मुझे दिलासा दी । वे मेरे साथ रोये । और उन्होंने मुझे गले लगाया ... और गहन निराशा और आरंभ के उन महिनों के अकेलेपन से बाहर निकल आने में मदद की थी ।'

''अन्य स्त्री ने अपनी अनुभूतियों को व्यक्त किया था जब उसे भेंट करने वाली शिक्षिका से सच्ची उदारता प्राप्त हुई थीः 'मैं जानती थी मैं भेंट करने के लिए उसके रिकार्ड में मात्र एक संख्या थी । मैं जानती थी कि वह मेरी चिंता करती थी ।' ''[2]

इन बहनों के समान, दुनिया-भर के बहुत से अंतिम-दिन के संत बारह प्रेरितो की परिषद के अध्यक्ष, अध्यक्ष बॉएड के. पैकर के कथन से सहमत होंगेः ''यह जानना बहुत दिलासा देता है कि [परिवार] चाहे जहां कहीं भी जाए, गिरजे का परिवार उनकी प्रतिक्षा करता है । जिस दिन से वे पहुंचते हैं, वह पौरोहित्य की परिषद से जुड़ेगा और वह सहायता संस्था से जुड़ेगी ।''[3]

विवरण

1. Thomas S. Monson, "Charity Never Faileth," *Liahona*, नवं. 2010, 124 ।
2. *Daughters in My Kingdom: The History and Work of Relief Society* (2011), 119–120 ।
3. *Daughters in My Kingdom, 87* ।

इस पर विचार करें

कैसे मसीह प्रेम और उदारता का परिपूर्ण उदाहरण है ?

© 2015 Intellectual Reserve, Inc. द्वारा सर्वाधिकार सुरक्षित । भारत में छपी । अंग्रेजी अनुमतिः 6/15 । अनुवाद अनुमतिः 6/15 । *Visiting Teaching Message, October 2015* का अनुवाद । Hindi । 12590 294